आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच
करवा चौथ की हार्दिक शुभकामनाएं

वर्ष : 27 अंक : 292 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 10 अक्टूबर, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

## आरक्षण खत्म करने की कोशिश : अखिलेश

### स्व. मुलायम सिंह की तीसरी पुण्यतिथि मनाई




**इटावा ( एजेंसी )।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक व पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी समाधि स्थल पर सैफई में श्रद्धांजलि दी गई। सपा अध्यक्ष और उनके पुत्र अखिलेश यादव ने परिवार के सदस्यों के साथ उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनकी समाधि पर पुष्प अर्पित किए।

सपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने मुलायम सिंह को याद करते हुए कहा कि जो लोग दिल्ली का रास्ता नहीं जानते थे उन्हें नेताजी ने सांसद बना दिया। जो लोग लखनऊ नहीं जानते थे उन्हें विधायक बनाकर भेजा। उन्होंने संघर्ष के जरिए सब कुछ अपने बलबूते पर किया।

समाधि स्थल पर ही श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। यहां पर सुबह से ही पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का पहुंचना शुरू हो गया था। सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, फिरोजाबाद सांसद रामजी लाल सुमन सहित पूरा कुनबा आज सैफई में मौजूद रहा।

इस मौके पर अखिलेश ने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव का यह सामधि स्थल हम सभी को प्रेरणा देता रहेगा तथा नेताजी के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए हम हमेशा संघर्ष करेंगे। उन्होंने कहा कि नेता जी अपने विचारों के द्वारा हमारे बीच में हमेशा जीवित रहेंगे। उन्होंने जीवन भर जिन सिद्धांतों को लेकर संघर्ष किया उन्हें हर समाजवादी आगे बढ़ाएगा। अखिलेश ने कहा कि इस समय देश में आरक्षण को खत्म करने की बड़ी साजिश चल रही है। आरक्षण खत्म करने के लिए सरकार कई प्रयास कर रही है। लेकिन इन्हें सफल नहीं होने दिया जाएगा।

अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान हमारी जीवनी और हमारी ढॉल है। इसकी रक्षा करने की जिम्मेदारी हम सबकी है। आरक्षण छीनने वालों को पीडीए गठबंधन मिलकर हराएगा।

## 'यू0पी0 ट्रेड शो-स्वदेशी मेला 2025' का उद्घाटन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के शिल्पियों, कारीगरों एवं उद्यमियों द्वारा निर्मित स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित एवं विपणन के लिए 'उत्तर प्रदेश इण्टरनेशनल ट्रेड शो-2025' की तर्ज पर 'यू0पी0 ट्रेड शो-स्वदेशी मेला 2025' का आयोजन नोएडा हॉट, सेक्टर-33ए नोएडा में किया जा रहा है। यह मेला 18 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होगा।

उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार ने बताया कि इस 10 दिवसीय मेले का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री (ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा विभाग), उत्तर प्रदेश सरकार डॉ. सोमेंद्र तोमर ने किया। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## बदला गया नमो भारत का टाइम

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 12 अक्तूबर को है। परीक्षा के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने नमो भारत ट्रेन के समय में बदला का फैसला लिया है। न्यू अशोक नगर से मेरठ दक्षिण, यानी दिल्ली से



यूपी के बीच चलने वाली नमो भारत सेवाएं सुबह 8 बजे के बजाय सुबह 6 बजे शुरू होंगी और रात 10 बजे तक चालू रहेंगी। लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 12 अक्तूबर को 49 केंद्रों पर होगी। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## स्कूल लेकर पहुंच गया तमंचा, मचा हड़कंप

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** दादरी स्थित मिहिर भोज इंटर कॉलेज में उस समय हड़कंप मच गया जब एक छात्र स्कूल में तमंचा लेकर पहुंच गया। स्कूल प्रबंधन ने छात्र को तमंचे सहित थाना दादरी पुलिस के हवाले कर दिया है। 11वीं कक्षा के छात्र की इस हरकत से सभी अध्यापक और छात्रों में वह व्याप्त हो गया है। मिहिर भोज इंटर कॉलेज दादरी के कार्यवाहक प्रधानाचार्य मिलाप सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 9 अक्टूबर को कुछ छात्रों ने उन्हें बताया कि 11वीं कक्षा का छात्र स्कूल में तमंचा लेकर आया हुआ है। इस जानकारी के बाद उन्होंने 11वीं कक्षा के छात्रों के बैग की तलाशी ली। तलाशी के दौरान एक छात्रा के बाग से तमंचा बरामद हुआ।



छात्र से तमंचे के बारे में पूछा गया तो उसने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। इसके बाद उन्होंने थाना दादरी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिस ने छात्र को अपने संरक्षण में लेकर तमंचे को जब्त कर लिया। प्रधानाचार्य ने कहा कि इस घटना से विद्यालय में अध्यनरत अन्य छात्रों तथा अध्यापकों के जीवन की सुरक्षा खतरे में पड़ी है। थाना प्रभारी ने बताया कि छात्र को पुलिस संरक्षण में ले लिया गया है और उसे इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह तमंचा कहां से लेकर आया था।

## 'कोल्ड्रिफ सीरप से हुई बच्चों की मौत की सीबीआई जांच नहीं'

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मध्य प्रदेश और राजस्थान में जहरीली कोल्ड्रिफ कफ सीरप के सेवन से कई बच्चों की मौत हो गई। सीरप से हुई मौत का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। शीर्ष न्यायालय में एक पीआईएल दायर कर इस मामले की जांच सीबीआई से करने की मांग की गई थी।





हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को सुनने से इनकार कर दिया। बता दें कि गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट सीरप से हुई बच्चों की मौत के मामले में दायर याचिका पर सुनवाई करने को सहमत हो गया। इस याचिका में कई बातों का उल्लेख किया गया था, इसी याचिका में इस मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की गई थी, हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इससे इनकार कर दिया है।

## पार्क में युवक के साथ की गंदी हरकत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-49 में एक महिला ने पड़ोस में रहने वाले युवक पर अपने बेटे के साथ कुकर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। बरौला गांव में रहने वाली अनामिका (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 28 सितंबर को उसके पड़ोस में रहने वाले प्रशांत ने उसके बेटे को फोन कर उसे मेघदूतम पार्क में बुलाया। यहां पर उसने उसके बेटे के साथ गाली गलौज मारपीट कर गंदी हरकत की। इस बात का विरोध करने पर प्रशांत ने मारपीट कर उसके बेटे को घायल कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद प्रशांत उन्हें मामले में रिपोर्ट न दर्ज करने पर धमकी भी दे रहा है। पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित युवक का मेडिकल कराया गया है (शेष पृष्ठ-4 पर)

## महिला के साथ प्लॉट बेचने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बिसरख में एक महिला ने प्लॉट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी से 23 लाख रुपए हड़पने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी द्वारा उसके नाम किए गए प्लॉट को वह पहले भी दो बार किसी अन्य व्यक्ति को बेच चुका है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के साइन उपवन सोसायटी में रहने वाली दीपा राघव ने डीसीपी के यहां दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि दिसंबर-2023 में दिलशाद ने उसे एक प्लॉट दिखाया और बताया कि प्लॉट मालिक उसे बेचना चाह रहा है। षड्यंत्र के तहत उसने उसे सुभाष यादव से मिलवाया प्लॉट का सौदा 2365000 में तय हुआ। उसने निर्धारित राशि आरोपी को अदा कर दी। जब वह अपने प्लॉट पर बाउंड्री कराने गई तो वहां कुछ अन्य लोग पहुंचे और उन्होंने बताया कि यह प्लॉट उन्होंने खरीदा हुआ है। इस दौरान उसे पता चला कि जो प्लॉट की रजिस्ट्री दिलशाद सुभाष यादव ने उसके नाम की है। वह पहले भी दो बार अन्य लोगों को बेचा जा चुका है। इस बात को लेकर उसकी सुभाष यादव, महेंद्र यादव से कई बार बात हुई। दोनों ने उसे पैसे लौटाने का आश्वासन दिया और इस बारे में एक लिखित समझौता भी हुआ इसके बावजूद (शेष पृष्ठ-4 पर)

## मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान में चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दनकौर क्षेत्र के खेरली नहर पर स्थित मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान से चोरों ने मोबाइल फोन, चार्जर, इयरफोन आदि चोरी कर लिए। पीड़ित दुकानदार ने थाना दनकौर में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम देवटा निवासी चेतन शर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी खेरली नहर पर अंकित बसोया मार्केट में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान है। बीते दिनों वह रात के समय दुकान बंद कर घर चला गया था। अगले दिन जब वह दुकान पर पहुंचा तो उसे शटर का ताला टूटा हुआ मिला। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## नशे में टुल्ल महिला ने कार से बाइक में मारी टक्कर, युवक अस्पताल में भर्ती

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दनकौर क्षेत्र के यमुना गौर सिटी के पास शराब के नशे में टुल्ल महिला ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित के भाई ने थाना दनकौर में कार चालक महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम चांदपुर जनपद गौतम बुध नगर निवासी जीवा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका भाई राहुल 30 अक्टूबर की रात्रि को दनकौर से अपने घर चांदपुर की तरफ आ रहा था। यमुना गौर सिटी के पास तेज गति में आ रही एक कार ने उसके भाई की बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसका भाई राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे में राहुल के कई दांत टूट गए और सिर में भी गंभीर चोटे आई। आसपास के लोगों ने उसके भाई को उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया। जीवा के मुताबिक दुर्घटना की जानकारी मिलने पर वह मौके पर पहुंचा तो वहां मौजूद लोगों ने बताया कि कार सवार महिला पूरी तरह से शराब के नशे में धुत्त थी और उसकी गाड़ी में हुक्का वगैरा भी रखा हुआ था। हादसे के बाद महिला अपनी कार को लेकर वहां से चली गई। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## पुलिस और गौतस्कर के बीच मुठभेड़

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दनकौर पुलिस ने बीती रात्रि मुठभेड़ के बाद एक गौकश को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से गोकश घायल हो गया। इसके पास से तमंचा कारतूस व बाइक बरामद हुई है।

ग्रेटर नोएडा जोन के एडीसीपी सुधीर सिंह ने बताया कि बीती रात्रि दनकौर थाना प्रभारी मुनेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ चपरगढ़ अंडरपास के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान पुलिस टीम ने बाइक पर आ रहे एक व्यक्ति को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवार भाग निकला। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने बाइक



सवार का पीछा किया। पुलिस टीम ने कुछ दूर जाकर बाइक सवार को घेर लिया। खुद को घिरा देखकर बाइक सवार ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बाइक सवार के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## आज लुक्सर जेल में 30 दंपत्ति मनाएंगे करवाचौथ का व्रत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** आज लुक्सर जेल में 30 दंपत्ति करवाचौथ का व्रत मनांएगे तथा महिलाएं चांद का दीदार करेंगी। जनपद गौतमबुद्धनगर के लुक्सर स्थित जिला जेल में बंद 30 दंपती प्यार और समर्पण का प्रतीक करवा चौथ का त्योहार मना सके इसके लिए जेल प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए है। जेल में बंद पतियों के साथ जेल में बंद उनकी पत्नियो को पारंपरिक तरीके से इस बार करवा चौथ का व्रत मनाने की व्यवस्था जेल प्रशासन ने की है।

जेलर संजय शाही ने बताया कि करवा चौथ के अवसर पर जेल में बंदियों की पत्नियों को उनके पतियों से मुलाकात की अनुमति दी जाएगी। जेल परिसर में एक अलग पूजा स्थल सजाया गया है। जहां सुहागिनें पारंपरिक रीति से करवा चौथ की पूजा करेंगी। महिलाओं को मेहंदी, करवा और पूजा सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। सजावट, प्रकाश व्यवस्था और विशेष भोजन की व्यवस्था की गई है। पूजा के बाद जब चांद निकलेगा, तो व्रत रखने वाली पत्नियां पहली बार जेल परिसर में ही अपने पतियों को देख कर व्रत खोलेंगी। प्रशासन ने सुरक्षा और मर्यादा का पूरा ध्यान रखते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की है।



## राशन का वितरण आज से 25 अक्टूबर तक मिलेगा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला पूर्ति अधिकारी गौतम बुद्ध नगर ने जनपद के समस्त अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को बताया कि माह अक्टूबर, 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न तथा अंत्योदय कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत 10 से 25 अक्टूबर 2025 के मध्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण प्रात: 08.00 बजे से 12॰00 तक एवं दोपहर 2॰00 बजे से शाम 6॰00 बजे तक ए-पोस मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण के उपरांत निशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जाएगा।



उन्होंने बताया कि समस्त अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को खाद्यान्न गेहूं, चावल का वितरण नि:शुल्क किया जाएगा, जिसमें अंत्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा0 गेहूँ एवं 21 किग्रा0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को कार्ड में सम्मिलित प्रति यूनिट 02 किग्रा0 गेहूं व 03 किग्रा0 चावल विक्रेता द्वारा नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद गौतम बुद्ध नगर के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के अन्य जनपदों/राज्यों के निवासी अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारक, जिनके द्वारा गौतम बुद्ध नगर के उचित दर विक्रेताओं के यहां से वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत पोर्टेबिलिटी के आधार पर खाद्यान्न (शेष पृष्ठ-4 पर)

## पति पर लगाये संगीन आरोप

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति ने बेवजह उसके साथ मारपीट व गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली सरोज (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 8 अक्टूबर की सुबह उसके पति मनीष ने उसके साथ बेवजह गाली गलौज शुरू कर दी। उसने जब गाली गलौज का विरोध किया तो मनीष ने मार- पिटाई शुरू कर दी। शोर सुनकर उसका देवर मौके पर पहुंचा और उसे मनीष के चंगुल से छुड़ाया। इसके बाद मनीष उसे जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पीड़िता के मुताबिक इस घटना में उसे चोटें आई हैं।

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

## बढ़ती दुर्घटनाएं

यह शर्मनाक ही है कि भारत में दुनिया की सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इन दुर्घटनाओं में अन्य कारणों के अलावा सबसे अधिक भूमिका तकनीकी व गुणवत्ता की खामियों वाली सड़कों की होती है। यह भयावह है कि वर्ष 2023 में देश में हुई पांच लाख दुर्घटनाओं में करीब पौने दो लाख लोगों की मौत हुई। उस पर सबसे दुखद यह है कि मरने वालों में एक लाख चौदह हजार लोग अट्ठारह से 45 वर्ष के बीच के युवा थे। जो परिवार के कमाने वाले व नई उम्मीद थे। इन हालात को देखते हुए ही केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने वर्ष 2030 तक इन सड़क दुर्घटनाओं को आधा करने का लक्ष्य रखा है। यह विडंबना ही है कि दुर्घटनाएं रोकने के लिये सख्त कानून बनाने एवं तकनीक के जरिये चालकों की लापरवाही पर नजर रखने जैसे उपायों के बावजूद आशातीत परिणाम सामने नहीं आए हैं। ऐसे में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के बेबाक सुझाव से सहमत हुआ जा सकता है कि खराब सड़क निर्माण को गैर-जमानती अपराध बना दिया जाना चाहिए। इसके लिये ठेकेदार और इंजीनियर की जवाबदेही तय होनी चाहिए। हाल ही में भारतीय उद्योग परिसंघ के एक कार्यक्रम में उन्होंने दुःख जताया कि विदेशों में होने वाले कार्यक्रमों में जब भारत में विश्व की सर्वाधिक सड़क दुर्घटना वाले देश के रूप में चर्चा होती है, तो उन्हें शर्म महसूस होती है। आखिर तमाम प्रयासों के बावजूद सड़क हादसे क्यों नहीं थम रहे हैं। यह बात तय है कि अगले पांच सालों में सड़क दुर्घटनाओं को यदि आधा करना है, तो युद्ध स्तर पर प्रयास करने होंगे। उन कारणों को तलाशना होगा, जिनकी वजह से हर साल सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि होती है। आखिर क्या वजह है कि राजमार्गों के विस्तार और तेज गति के अनुकूल सड़कें बनने के बावजूद हादसे बढ़े हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि राजमार्गों व विभिन्न तीव्र गति वाली सड़कों में साम्य का अभाव है, वहीं मोड़ों को दुर्घटना मुक्त बनाने हेतु तकनीक में बदलाव की जरूरत है। ऐसे में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय को उन कारणों की पड़ताल करनी होगी, जो पर्याप्त धन आवंटन के बावजूद सड़कों को दुर्घटनामुक्त बनाने में बाधक हैं। ऐसे में जरूरी है कि सड़कों की निर्माण सामग्री और डिजाइनों की निगरानी के लिये स्वतंत्र व सशक्त तंत्र बनाया जाए, जो बिना किसी राजनीतिक हस्तक्षेप के काम कर सके। साथ ही मंत्रालय का दायित्व बनता है कि इस बाबत स्पष्ट नीति को सख्ती से लागू किया जाए। यह जानते हुए कि सड़कों के ठेके में मोटे मुनाफे के लिए एक समांतर भ्रष्ट तंत्र देश में विकसित हुआ है, जो निर्माण कार्य की गुणवत्ता से समझौता करने से परहेज नहीं करता। जिसके खिलाफ उठने वाली ईमानदार आवाजें दबा दी जाती हैं। निस्संदेह, गुणवत्ता का मूल्यांकन करने वाली व्यवस्था की जवाबदेही तय करने की सख्त जरूरत है। तब हमें यह सुनने को नहीं मिलेगा कि उद्घाटन के कुछ ही बाद ही सड़क उखड़ गई या बारिश में घुल गई।

## रामचरित मानस

**पिछले अंक में आपने पढ़ा था कि सखियों सहित सरोवर में स्नान करके सीताजी प्रसन्न मन से गिरिजाजी के मंदिर में गईं। उन्होंने बड़े प्रेम से पूजा की और अपने योग्य सुंदर वर माँगा॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**एक सखी सिय संगु बिहाई। गई रही देखन फुलवाई॥**
**तेहिं दोउ बंधु बिलोके जाई। प्रेम बिबस सीता पहिं आई॥**

एक सखी सीताजी का साथ छोड़कर फुलवाड़ी देखने चली गई थी। उसने जाकर दोनों भाइयों को देखा और प्रेम में विह्वल होकर वह सीताजी के पास आई॥

**दो0-तासु दसा देखी सखिन्ह पुलक गात जलु नैन।**
**कहु कारनु निज हरष कर पूछहिं सब मृदु बैन॥**

सखियों ने उसकी दशा देखी कि उसका शरीर पुलकित है और नेत्रों में जल भरा है। सब कोमल वाणी से पूछने लगीं कि अपनी प्रसन्नता का कारण बता॥

**देखन बागु कुअँर दुइ आए। बय किसोर सब भाँति सुहाए॥**
**स्याम गौर किमि कहौं बखानी। गिरा अनयन नयन बिनु बानी॥**

(उसने कहा-) दो राजकुमार बाग देखने आए हैं। किशोर अवस्था के हैं और सब प्रकार से सुंदर हैं। वे साँवले और गोरे (रंग के) हैं, उनके सौंदर्य को मैं कैसे बखानकर कहूँ। वाणी बिना नेत्र की है और नेत्रों के वाणी नहीं है॥

(क्रमशः..)

# ट्रंप ने इस्लामाबाद को झटका दे दिया

अमेरिकी विदेश मंत्रालय में दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के लिए भारतीय मूल के प्रोफेसर एस. पॉल कपूर की नियुक्ति न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि भारत के लिए एक बड़ी रणनीतिक राहत के रूप में देखी जा रही है। पॉल कपूर, जो लंबे समय से दक्षिण एशियाई सुरक्षा, परमाणु नीति और आतंकवाद पर अपने कठोर विश्लेषणों के लिए जाने जाते हैं, अब उस पद पर आसीन हुए हैं जहाँ से अमेरिका की भारत, पाकिस्तान, अफ़ग़ानिस्तान और बांग्लादेश के प्रति नीतियाँ तय होती हैं।

यह नियुक्ति ऐसे समय आई है जब अमेरिकी नीतियों में भारत के प्रति तनाव दिखने लगा था— विशेष रूप से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत शुल्क और व्यापारिक मतभेदों के कारण। ऐसे में कपूर की नियुक्ति अमेरिका-भारत संबंधों के लिए 'कूटनीतिक मरहम' के रूप में मानी जा रही है।



कौन हैं पॉल कपूर और क्यों भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं? यदि इस पर चर्चा करें तो आपको बता दें कि नई दिल्ली में जन्मे पॉल कपूर भारतीय पिता और अमेरिकी माता के पुत्र हैं। उन्होंने शिकागो विश्वविद्यालय से पीएचडी की है और लंबे समय से अमेरिकी नौसेना के पोस्टग्रेजुएट स्कूल तथा स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के हूवर इंस्टीट्यूशन से जुड़े हुए हैं। वह उन कुछ विद्वानों में से हैं जिन्होंने दक्षिण एशिया की सामरिक राजनीति पर गहरी अकादमिक और व्यावहारिक समझ बनाई है।

इससे पहले कपूर ट्रम्प प्रशासन के नीति नियोजन विभाग में काम कर चुके हैं, जहाँ उन्होंने इंडो-पैसिफिक रणनीति के निर्माण में भूमिका निभाई थी। यानी वह न केवल एक अकादमिक हैं, बल्कि नीति-निर्माण की मशीनरी से भी भली-भाँति परिचित हैं। उनकी नियुक्ति से यह स्पष्ट संकेत जाता है कि अमेरिका अब दक्षिण एशिया को केवल पाकिस्तान या अफगानिस्तान के संदर्भ में नहीं, बल्कि भारत-केंद्रित दृष्टि से देखना चाहता है।

कपूर की नियुक्ति भारत के लिए राहत क्यों है? यदि इस पर चर्चा करें तो हमें यह देखना होगा कि पॉल कपूर का विचार है कि पाकिस्तान का आतंकवादी ढाँचा कोई आकस्मिक तत्व नहीं, बल्कि उसकी राष्ट्रीय रणनीति का अभिन्न हिस्सा है। इसका सीधा अर्थ है कि वे अमेरिका के भीतर पाकिस्तान के प्रति किसी नरमी के पक्षधर नहीं हैं। उनकी सोच के अनुसार, जब तक इस्लामाबाद आतंकवाद को नीतिगत औज़ार के रूप में इस्तेमाल करता रहेगा, तब तक दक्षिण एशिया में स्थायी शांति असंभव है।

भारत के दृष्टिकोण से यह अत्यंत अनुकूल है, क्योंकि बीते वर्षों में अमेरिका-पाकिस्तान संबंधों में कई बार ऐसे संकेत मिले थे कि वॉशिंगटन इस्लामाबाद को फिर से रणनीतिक महत्व देने लगा है—खासकर अफगान मोर्चे पर। कपूर की उपस्थिति इस संतुलन को भारत की ओर झुका सकती है।

दूसरी ओर, 21 अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति ट्रम्प को पत्र लिखकर भारत के साथ संबंध सुधारने की खुली वकालत की है। यह पत्र ऐसे समय आया है जब अमेरिकी व्यापार नीतियों से दोनों देशों के बीच मतभेद गहराते जा रहे हैं। इन सांसदों में भारतीय मूल के रो खन्ना, प्रमिला जयपाल, राजा कृष्णमूर्ति, श्री थानेदार और सुहास सुब्रमण्यम जैसे नेता शामिल हैं, जो अमेरिकी राजनीति में 'सामोसा कॉकस' के रूप में जाने जाते हैं।

इन सांसदों ने पत्र में चेतावनी दी है कि भारत पर दंडात्मक शुल्क लगाने की नीति न केवल दोनों देशों के उद्योगों को नुकसान पहुँचा रही है, बल्कि इससे भारत को चीन और रूस जैसे अमेरिका-विरोधी देशों के करीब धकेला जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत क्वाड समूह (अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया, भारत) का अहम स्तंभ है और इंडो-पैसिफिक में चीन के बढ़ते प्रभाव का सबसे मज़बूत संतुलन है।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि भारत-अमेरिका का व्यापार दोनों देशों में लाखों नौकरियों को सहारा देता है और कई अमेरिकी कंपनियाँ भारत पर निर्भर हैं— चाहे वह सेमीकंडक्टर उत्पादन हो, स्वास्थ्य सेवा हो या ऊर्जा क्षेत्र। सांसदों का कहना है कि यह टैरिफ नीति अमेरिका के अपने उपभोक्ताओं के लिए भी महँगी साबित हो रही है और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अमेरिकी उद्योग को कमजोर कर रही है।

देखा जाये तो कपूर की नियुक्ति और अमेरिकी सांसदों की चिट्ठी, दोनों घटनाएँ एक साथ यह संकेत देती हैं कि अमेरिकी प्रतिष्ठान के भीतर भारत को लेकर सहमति बन रही है कि नई दिल्ली अब केवल सहयोगी नहीं, बल्कि रणनीतिक अनिवार्यता बन चुकी है। ट्रम्प प्रशासन की अब तक की नीति, जो कभी चीन पर कठोर और भारत पर अनिश्चित रही, शायद कपूर जैसे विशेषज्ञ के आने से अधिक संतुलित और भारत-पक्षीय हो सकती है। वहीं 21 सांसदों की पहल यह दर्शाती है कि भारतीय-अमेरिकी समुदाय अब अमेरिकी नीति-निर्माण पर प्रभाव डालने की स्थिति में आ चुका है।

देखा जाये तो दक्षिण एशिया की जटिल राजनीति में पॉल कपूर का आगमन एक नया मोड़ है। वह ऐसे व्यक्ति हैं जो भारत की चिंताओं को न केवल समझते हैं, बल्कि उन्हें अमेरिकी रणनीति में केंद्रीय स्थान देने की क्षमता रखते हैं। साथ ही, अमेरिकी कांग्रेस में उठी भारत समर्थक आवाज़ें यह दर्शाती हैं कि वॉशिंगटन में भी अब यह समझ बन रही है कि भारत के बिना एशिया में स्थिरता की कल्पना असंभव है।

बहरहाल, कपूर की नियुक्ति और सांसदों की पहल, दोनों मिलकर यह संकेत देती हैं कि भारत-अमेरिका संबंध शायद एक नए रणनीतिक पुनर्जागरण के मुहाने पर हैं। यदि इसे सही दिशा में ले जाया गया, तो यह साझेदारी न केवल एशिया, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन को भी परिभाषित करेगी।

**-नीरज कुमार दुबे**

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

## रायबरेली से सुप्रीम कोर्ट तक, कांग्रेस ने दलित उत्पीड़न को बनाया बड़ा चुनावी मुद्दा

बिहार के चुनावी मौसम में इस बार हवा कुछ अलग बह रही है। जहां एक तरफ विकास, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं की बातें जोर पकड़ रही हैं, वहीं रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की पीट-पीटकर हत्या और सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई पर जूता उछालने की घटना अब बिहार विधानसभा चुनाव का बड़ा मुद्दा बनने जा रही हैं। कांग्रेस पार्टी इन घटनाओं को हाथों-हाथ लेकर दलित और पिछड़े वर्ग के वोटरों को साधने की पूरी तैयारी में जुट गई है। पार्टी के नेता कहते हैं कि ये सिर्फ दो घटनाएं नहीं, बल्कि भाजपा शासित राज्यों में दलितों पर हो रहे अत्याचारों का जीता-जागता सबूत हैं।सबसे पहले बात करते हैं रायबरेली की उस दर्दनाक घटना की, जो पूरे देश को झकझोर रही है। 2 अक्टूबर 2025 को रायबरेली के ऊंचाहार इलाके में 38 साल के दलित युवक हरिओम वाल्मीकि को गांव वालों ने चोरी के शक में इतनी बेरहमी से पीटा कि उसकी जान चली गई। हरिओम अपनी ससुराल ईश्वरदासपुर आया था, लेकिन गांव वालों ने उसे ड्रोन चोर समझ लिया। दो घंटे तक लाठी-डंडों, बेल्ट और लात-घूंसों से पिटाई होती रही। हरिओम कराहते हुए बार-बार %राहुल गांधी-राहुल गांधी% का नाम ले रहा था, मानो मदद की गुहार लगा रहा हो। हैरानी की बात यह है कि पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन हरिओम को अस्पताल ले जाने की बजाय गांव वालों के हवाले छोड़ दिया। हरिओम की पत्नी का कहना है कि पुलिस ने उसे मरने के लिए छोड़ दिया। किसी ने इस पूरी घटना के तीन वीडियो बना लिए, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। वीडियो में हरिओम की चीखें और उसकी आखिरी सांसें साफ सुनाई दे रही हैं, जो किसी भी इंसान का कलेजा चीर सकती हैं। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है, लेकिन परिवार का आरोप है कि असली दोषी अब भी आजाद घूम रहे हैं। हरिओम के पिता गंगादीन ने बताया कि उनका बेटा मजदूरी करता था और परिवार की कमर टूट गई है। इस घटना ने एक बार फिर मॉब लिंचिंग के पुराने घावों को कुरेद दिया है, जहां दलित और कमजोर वर्ग के लोग आसानी से निशाना बन जाते हैं। कांग्रेस ने इसे समाज पर कलंक बताया और भाजपा सरकार पर सवाल उठाए कि क्या यूपी में जंगलराज चल रहा है?

वीडियो वायरल होने के बाद विपक्षी नेता राहुल गांधी ने तुरंत हरिओम के परिवार से फोन पर बात की। उन्होंने परिवार को न्याय का भरोसा दिलाया और अपने एक्स हैंडल पर एक भावुक पोस्ट शेयर किया। राहुल ने लिखा, रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम हत्या सिर्फ एक इंसान की नहीं- इंसानियत, संविधान और न्याय की हत्या है। आज भारत में दलित, आदिवासी, मुसलमान, पिछड़े और गरीब- हर उस व्यक्ति को निशाना बनाया जा रहा है, जिसकी आवाज कमजोर है, जिसकी हिस्सेदारी छीनी जा रही है और जिसकी जिंदगी सस्ती समझी जाती है। देश में नफरत, हिंसा और भीड़तंत्र को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है जहां संविधान की जगह बुलडोजर ने ले ली है और इंसाफ की जगह डर ने। मैं हरिओम के परिवार के साथ खड़ा हूं- उन्हें न्याय जरूर मिलेगा। भारत का भविष्य समानता और मानवता पर टिका है और यह देश चलेगा संविधान से, भीड़ की सनक से नहीं। राहुल की यह पोस्ट लाखों लोगों तक पहुंच चुकी है और दलित समुदाय में काफी सराही जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, जो खुद दलित समुदाय से हैं, ने भी इस घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि मॉब लिंचिंग और बुलडोजर अन्याय आज की भयावह हकीकत बन गए हैं। खरगे और राहुल ने संयुक्त बयान में इसे संविधान के खिलाफ अपराध बताया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पीड़ित परिवार से मिलकर सरकार से नौकरी और मुआवजे की मांग की। कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया और राजेंद्र गौतम जैसे नेता भी परिवार से मिले और बोले कि भाजपा में दलितों का उत्पीड़न हो रहा है। यह घटना फतेहपुर के दलित समाज में आक्रोश पैदा कर रही है, जहां हरिओम को राहुल का नाम लेने पर और पीटा गया।

इस घटना के ठीक बाद, 6 अक्टूबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट में एक और चौंकाने वाली वारदात हुई। चीफ जस्टिस बीआर गवई, जो खुद दलित समुदाय से आते हैं, पर 71 साल के वकील राकेश किशोर ने जूता उछाल दिया। राकेश बरेली का रहने वाला है और खुद को सनातन धर्म का रक्षक बताता है। वह कहता है कि सीजेआई की एक पुरानी टिप्पणी से आहत था। दरअसल, 16 सितंबर को एक याचिका पर सुनवाई के दौरान जस्टिस गवई ने मध्य प्रदेश के खजुराहो मंदिर में भगवान विष्णु की सिर कटी मूर्ति को लेकर याचिकाकर्ता से मजाक में कहा था कि मूर्ति से प्रार्थना करो, शायद वह अपना सिर वापस लगा ले। राकेश ने इसे सनातन धर्म का अपमान माना और कोर्ट में ही जूता फेंक दिया। हालांकि, सुरक्षाकर्मियों ने उसे तुरंत पकड़ लिया। राकेश ने बाद में कहा, मुझे कोई अफसोस नहीं, ये सब ऊपर वाले ने कराया। मैं सनातन का अपमान सहन नहीं कर सकता। हैरानी की बात यह है कि राकेश पर कोई केस दर्ज नहीं हुआ। चीफ जस्टिस गवई ने खुद इसे अनदेखा करने को कहा और बोले, इसे अनदेखा कर दीजिए, मैं इससे विचलित नहीं होने वाला। लेकिन सोशल मीडिया पर इस घटना ने तूफान मचा दिया। कुछ लोग इसे दलितों के खिलाफ नफरत का प्रतीक बता रहे हैं, तो कुछ इसे न्यायपालिका पर हमला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जस्टिस गवई से फोन पर बात की और घटना पर चिंता जताई। सोनिया गांधी ने भी निंदा की। विपक्षी नेता जैसे अखिलेश यादव और संजय राउत ने इसे भाजपा की साजिश बताया और कहा कि यह संविधान पर हमला है। राकेश का बयान कि दूसरे समुदाय के जज सनातन का मजाक उड़ाते हैं ने दलित समाज को और भड़का दिया है।

अब सवाल यह है कि ये दोनों घटनाएं बिहार चुनाव में कैसे मुद्दा बन रही हैं? बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की घोषणा हो चुकी है। दो चरणों में वोटिंग होगी- 6 नवंबर और 11 नवंबर को, जबकि नतीजे 14 नवंबर को आएंगे। यहां दलित वोटरों की संख्या करीब 16-19 प्रतिशत है, जो चुनावी नतीजों को पलट सकती है। कांग्रेस पार्टी इन घटनाओं को अपनी रणनीति का हिस्सा बना रही है। पार्टी की थीम है- दलित गरीब हो या सीजेआई, भाजपा राज में ये निशाने पर, संविधान-लोकतंत्र खतरे में। कांग्रेस ने बिहार में अपना प्रदेश अध्यक्ष दलित समुदाय से आने वाले राजेश राम को बनाया है, जो काफी पहले से तैयारी का हिस्सा है। राहुल गांधी हर सभा में दलित मुद्दों को उठा रहे हैं। वह संविधान पर हमले, आरक्षण और जाति जनगणना की बात करते हैं। हाल ही में उन्होंने नालंदा और गया में अत्यंत पिछड़ा वर्ग सम्मेलन किया, जहां सीएम नीतीश कुमार को चुनौती दी। राहुल ने सरकारी नौकरियों और ठेकों में ईबीसी आरक्षण का दांव चला, जो बिहार के पिछड़ों को लुभा रहा है। कांग्रेस महागठबंधन में 55 सीटों पर लड़ने की तैयारी में है, जहां राजद के साथ सीट बंटारे पर मुहर लग चुकी है। पार्टी सीमांचल इलाके पर फोकस कर रही है, जहां मुस्लिम और दलित वोटर ज्यादा हैं।

बिहार में दलित वोटरों का इतिहास देखें तो वे कभी एकमुश्त किसी पार्टी को नहीं जाते। रविदास और पासवान जातियां प्रमुख हैं। एनडीए में जीतन राम मांझी और चिराग पासवान खुद को दलितों का हितैषी बताते हैं, लेकिन कांग्रेस का कहना है कि भाजपा-जदयू सरकार में दलित अत्याचार बढ़े हैं। चुनाव आयोग पर भी आरोप लग रहे हैं कि वोटर लिस्ट में फर्जीवाड़ा हो रहा है। कई जगह जिंदा दलितों को मृत दिखाया गया है, जबकि मृतकों को जिंदा। कांग्रेस का दावा है कि यह गरीब-दलितों के वोट चुराने की साजिश है।

**-संजय सक्सेना, वरिष्ठ पत्रकार**

## राशिफल

**अश्विन माह, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी है। धन का आवक बढ़ेगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
पॉजिटिव बने रहेंगे। सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। जरूरत के हिसाब से जीवन में वस्तुएं उपलब्ध होंगी।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
खर्च की अधिकता रहेगी। सिरदर्द, नेत्रपीड़ा हो सकता है। पार्टनरशिप में उठा-पटक हो सकती है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
आय के नए सोर्स बनेंगे। पुराने सोर्स से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम, संतान अच्छा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। व्यापारिक सफलता मिलेगी।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भाग्य साथ देगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। यात्रा का योग बनेगा। स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार अच्छा होगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। बचकर पार करें।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी होगी। प्रेम-संतान पर थोड़ा ध्यान दें।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
शत्रु सक्रिय रहेंगे लेकिन नुकसान नहीं पहुंचा पाएंगे। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम-संतान अच्छा। व्यापार अच्छा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम-संतान की स्थिति पहले से बेहतर।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी का प्रबल योग बनेगा। लेकिन गृहकलह के संकेत हैं।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। प्रेम-संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

# बकाया बिल का भुगतान करें किसान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के जिलाध्यक्ष अशोक भाटी के सलारपुर स्थित श्री कृष्णा भवन आवास पर विद्युत विभाग एवं विजिलेंस विभाग के अधिकारियों की बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक में जिलाध्यक्ष ने उपस्थित अधिकारियों को विद्युत विभाग एवं विजिलेंस द्वारा हो रही परेशानियों से अवगत कराया। विद्युत अधिकारियों ने किसानों एवं ग्रामवासियों की समस्याओं के समाधान के आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि किसान और ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता से निवारण कराया जाएगा। अधिकारियों ने ग्रामीणों का आह्वान किया कि वह अपने बकाया बिल का भुगतान करें जिससे उन्हें परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाध्यक्ष अशोक भाटी ने कहा भाकियू बिल जमा कराने में पूरा सहयोग करेगी। विद्युत विभाग और विजिलेंस विभाग किसानों पर झूठे मुकदमे दर्ज करने के बजाय आपसी सौहार्द के साथ समस्याएं सुलझाएं। इस दौरान विजिलेंस से इंस्पेक्टर नरेंद्र यादव, विद्युत विभाग से एसडीओ, जेई और संबंधित अधिकारियों के साथ गाजियाबाद जिला अध्यक्ष विजेंद्र सिंह, सिंहराज गुर्जर, अंकित गुर्जर, राधेश्याम शर्मा, लेखराज सिंह, ललित एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।



# पेंशनर्स के लिए जीवन प्रमाण पत्र भरना हुआ आसान

**नोएडा (चेतना मंच)।** वरिष्ठ कोषाधिकारी गौतमबुद्धनगर शिखा गुप्ता ने जनपद के समस्त पेंशनर्स को जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के पेंशनर्स द्वारा वर्ष में एक बार किसी भी माह में जीवित प्रमाण पत्र कोषागार में प्रस्तुत किए जाने की व्यवस्था है, जो कि अगले 01 वर्ष तक प्रभावित रहता है। वर्तमान में कोषागार में उपस्थित हुए बिना भी किसी भी पेंशनर द्वारा अपना जीवित प्रमाण पत्र अपनी बैंक शाखा के माध्यम से, कोषागार में स्वयं उपस्थित होकर अथवा जीवन प्रमाण पोर्टल के माध्यम से, अपने निवास से, अपने मोबाइल से भी प्रेषित कर सकते हैं। इसके लिए पेंशनर को अपने मोबाइल पर गूगल प्ले स्टोर द्वारा आधार फेस आई0डी0 ऐप डाउनलोड कर जीवन प्रमाण ऐप डाउनलोड करना होता है, जो की बहुत ही सुविधाजनक है। इस ऐप के द्वारा अपना आधार कार्ड संख्या, मोबाइल नंबर पर ओटीपी, पेंशन भोगी का नाम, पेंशन का प्रकार सर्विस/फैमिली पेंशन, स्वीकर्ता प्राधिकारी-राज्य सरकार उत्तर प्रदेश, संवितरण एजेंसी-उत्तर प्रदेश कोषागार/उपकोषागार, कोषागार एजेंसी-गौतमबुद्धनगर(7600), पी0पी0ओ0 संख्या, बैंक खाता संख्या, आईएफएससी कोड, बायोमेट्रिक इम्प्रेशन/फेस आईडी आदि जानकारी के साथ जीवन प्रमाण पत्र बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि सभी विवरण भरने के पश्चात पेंशनर का जीवित प्रमाण पत्र कोषागार के सर्वर पर स्वतः कनेक्ट हो जाएगा व वरिष्ठ कोषाधिकारी के ऑथराइज करने के पश्चात जीवित प्रमाण पत्र की वैलिडिटी 01 वर्ष तक प्रभावी रहेगी ?। इस सुविधा का लाभ लेने हेतु अपने घर के नज़दीक पोस्ट ऑफिस, जन सुविधा केंद्र, साइबर कैफे या अपने मोबाइल का प्रयोग भी किया जा सकता है।


## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2025

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

### उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:35 | पटना जं | 21:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 11.10.25 से 15.11.25 |
| 02251 | पटना जं | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगलवार, बृहस्पतिवार, रविवार | 12.10.25 से 16.11.25 |
| 02253 | पटना जं (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | सप्ताह में तीन दिन | शनिवार, सोमवार, बुधवार | 11.10.25 से 17.11.25 |
| 02254 | नई दिल्ली | 08:35 | पटना जं | 21:30 | | रविवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार | 12.10.25 से 16.11.25 |
| 04203 | लखनऊ | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 04204 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ | 06:35 | | | |
| 04008 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:30 | जोगबनी | 17:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04007 | जोगबनी | 18:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04010 | दिल्ली जं. | 23:05 | सीतामढ़ी | 22:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04009 | सीतामढ़ी | 23:55 | दिल्ली जं. | 23:58 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04060 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 09:00 | जयनगर | 07:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04059 | जयनगर | 10:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:40 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04070 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 19:00 | | | |
| 04064 | दिल्ली जं. | 11:00 | भागलपुर | 10:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 04063 | भागलपुर | 13:40 | दिल्ली जं. | 15:30 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | |
| 04219 | शाहगंज | 22:35 | अयोध्या धाम | 01:40 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम | 02:10 | शाहगंज | 04:40 | | | |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा जं. | 16:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04449 | दरभंगा जं. | 18:15 | नई दिल्ली | 23:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी जं. | 23:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04453 | मानसी जं. | 01:10 | नई दिल्ली | 03:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद जं. | 02:20 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04455 | धनबाद जं. | 04:00 | नई दिल्ली | 06:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04458 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04457 | भागलपुर | 18:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 22:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04016 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04015 | सीतामढ़ी | 16:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 18:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 19.12.2025 तक |
| 04451 | हावड़ा जं. | 23:50 | नई दिल्ली | 04:10 | | | 20.12.2025 तक |
| 04094 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04093 | पटना जं. | 07:45 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 00:45 | | | 30.11.2025 तक |
| 04096 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04095 | पाटलिपुत्र | 00:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 21:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड जंक्शन. | 12:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04097 | हसनपुर रोड जंक्शन. | 15:00 | नई दिल्ली | 18:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 02877 | रांची जं. | 23:55 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 17.10.25 से 31.10.25 |
| 02878 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 04:00 | रांची जं. | 05:00 | | रविवार | 19.10.25 से 02.11.25 |
| 04504 | चंडीगढ़ जं. | 23:35 | पटना जं. | 21:00 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04503 | पटना जं. | 23:00 | चंडीगढ़ जं. | 23:10 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जं. | 09:40 | छपरा जं. | 09:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04607 | छपरा जं. | 12:00 | अमृतसर जं. | 13:30 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05314 | गोमती नगर | 00:15 | महबूबनगर | 19:10 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05313 | महबूबनगर | 22:10 | गोमती नगर | 15:00 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05017 | मऊ जं. | 05:30 | उधना जं. | 12:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05018 | उधना जं. | 15:00 | मऊ जं. | 22:30 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05115 | छपरा जं. | 17:45 | उधना जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05116 | उधना जं. | 10:00 | छपरा जं. | 23:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जं. | 21:00 | अमृतसर जं. | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जं. | 13:25 | कटिहार जं. | 23:45 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 04090 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04089 | पटना जं. | 18:20 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:50 | | | 30.11.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जं. | 06:25 | लखनऊ | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ | 16:30 | वाराणसी जं. | 21:50 | | | |
| 04221 | वाराणसी जं. | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04222 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी जं. | 18:00 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04224 | वाराणसी जं. | 14:50 | चण्डीगढ़ | 08:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोम, बुध, शक्र | 28.11.2025 तक |
इसी श्रृंखला में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस के पांडेय, ओ. पी. सिंह एवं विशाल गुप्ता की टीम द्वारा ग्राम मामूरा सेक्टर 66 स्थित बीकानेर स्वीट्स से मिल्क कैक का 01 नमूना एवं ग्रेट एवरग्रीन स्वीट्स से छेना स्वीट्स का 01 लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मालती द्वारा सिकंदराबाद रोड लडपुरा स्थित माधव स्वीट्स से खोया का 1 नमूना लेकर अवशेष लगभग 16 किग्रा प्रदूषित खोया नष्ट कराया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सय्यद इबादुल्लाह एवं अमर बहादुर सरोज की टीम द्वारा पनवारी स्थित मेघम स्वीट्स से बर्फी का 01 नमूना, घोड़ी बछेड़ा स्थित पालम स्वीट से कलाकंद का 01 नमूना एवं सप्लाई के लिए राम प्रीत द्वारा मोटर साइकिल से ले जा रहे लगभग 75 किग्रा रसगुल्ला से रसगुल्ला का 01 नमूना लेकर प्रथम दृष्टया प्रदूषित/मिलावटी होने के कारण अवशेष को नष्ट कराया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार , विजय बहादुर पटेल एवं रविंद्र नाथ वर्मा की टीम द्वारा फेस 2 सब्जी मंडी स्थित चौधरी डेयरी से पनीर का 01 नमूना तथा जे के पनीर भंडार से पनीर का 01 नमूना लेकर अवशेष लगभग 92 किग्रा पनीर प्रथम दृष्टया मिलावटी / प्रदूषित अवस्था में पाए जाने के कारण नष्ट कराया गया। इस प्रकार कुल 08 नमूने संग्रहीत कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि आगे भी इसी प्रकार से जिलाधिकारी के निर्देशन में जांच अभियान संचालित करते हुए नमूने संग्रहित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि जनपद वासियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध हो सके।

# 48 वर्षों से लगातार किसानो की सेवा में लगा है कारडेट : बलवीर सिंह




**प्रयागराज-फूलपुर (चेतना मंच)।** प्रयागराज-फूलपुर में कारडेट के 48वें स्थापना दिवस के अवसर पर रबी फसल विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में इफको के उपाध्यक्ष बलवीर सिंह ने कहा कि 48 वर्षों से कारडेट लगातार किसानों की सेवा में लगा हुआ है और क्षेत्र में खेती-किसानी से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल्मीकि त्रिपाठी , अध्यक्ष प्रबंध समिति कारडेट और निदेशक इफको ने की। उन्होंने किसानों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि खेती में महिलाओं का योगदान भी पुरुषों से कम नहीं है।

तकनीकी सत्र में डॉ. डी.के. सिंह , प्रधानाचार्य कारडेट ने संस्था की प्रगति और किसानों को मिट्टी जांच, जैव उर्वरक, नीम की खली आदि के प्रयोग के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा डॉ. एम.पी. सिंह और इफको के अन्य विशेषज्ञों ने कीट एवं फसल सुरक्षा पर मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम में किसानों को कृषि निवेश किट वितरित की गई और पांच प्रगतिशील किसानों को बैटरी संचालित स्प्रे मशीनें प्रदान की गई। साथ ही कारडेट के उत्पादों की प्रदर्शनी और नए ट्रैक्टर का उद्घाटन भी किया गया। कार्यक्रम में सेवा निवृत्त एवं वर्तमान कारडेट कर्मचारी, इफको फूलपुर इकाई के अधिकारी और बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे।

# रामकथा में प्रभु राम और भारद्वाज मुनि संवाद की कथा सुनाई

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-82 स्थित ईडब्ल्यूएस पॉकेट-12 में आयोजित श्रीराम कथा के सातवें दिन कथा व्यास अनंत श्री विभूषित महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी पंचमानंद जी महाराज ने श्री राम कथा में आगे का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान राम, लक्ष्मण,सीता और गृह राज निषाद के साथ गंगा पार उतरकर मां गंगा को प्रणाम करके आगे बढ़ते हैं। प्रयागराज पहुंचकर वह त्रिवेणी में स्नान करते हैं और मुनि भारद्वाज जी के आश्रम पहुंचते हैं। मुनि की दंडवत प्रणाम करते हैं और भारद्वाज जी उनको गले से लगाकर आशीर्वाद देते हैं। भारद्वाज जी आनन्द मग्न हो जाते हैं और सोचते हैं कि आज हमारी तपस्या सफल हो गई , मेरा जीवन धन्य हो गया। मुनि प्रभु राम सहित सभी को पवित्र आसान बैठने के लिए देते हैं और खाने में कंद मूल फल देते हैं। सभी प्रकार से संतुष्ट कर प्रभु की वंदना करते हैं लेकिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम कहते हैं कि हे मुनि जिसको आपका आशीर्वाद मिल जाता है वही बड़ा हो जाता है। रात्रि विश्राम के बाद प्रभु राम मार्ग व पूछकर आगे के लिए प्रस्थान कर जाते हैं। इस अवसर पर कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष कैप्टन विकास गुप्ता, भाजपा अध्यक्ष महेश चौहान भी मौजूद थे।



इस अवसर पर श्रीराम कथा आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी देव मणि शुक्ल ने बताया कि 10 अक्टूबर को राम भरत मिलाप सहित कई प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा की वरिष्ठ नेत्री श्रीमती प्रज्ञा पाठक, भाजपा मंडल अध्यक्ष गौतम शर्मा, धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, विनय त्रिवेदी, सीके शर्मा, अरविंद परिहार, मनीष मिश्रा, मुकेश शुक्ला, महेंद्र शर्मा, विकास राज तिवारी,एस पी मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह, शिव कुमार पाठक, चंदन पांडेय, जे पी मिश्रा, उम्मीद सिंह, प्रमोद यादव, सी एल तिवारी,राजीव श्रीवास्तव, राजेश महाले,रवि राघव, गोरे लाल, रमेश वर्मा, अंकित उपाध्याय, अंकित शर्मा, सर्वेश तिवारी, रमेश चंद्र शर्मा, विजेंद्र सिंह, राजेश कुमार गुप्ता, संजय पांडे, हरि शंकर सिंह, संजय शुक्ला, रमेश दास, अनूप सिंह, विकास शर्मा, आचार्य गौरव, हंस मणि शुक्ल, अंगद सिंह तोमर, संगम प्रसाद मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



# चतुर्थी और शुक्रवार के योग में करें भगवान गणेश चौथ माता, महालक्ष्मी और शुक्र ग्रह की पूजा






कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर करवा चौथ (10 अक्टूबर) का व्रत किया जाता है, ये व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए महाव्रत की तरह है, क्योंकि मान्यता है कि जो महिला ये व्रत करती है, उसे अखंड सौभाग्य मिलता है। इस बार ये तिथि शुक्रवार को पड़ रही है, इस कारण इस दिन भगवान गणेश, चौथ माता, महालक्ष्मी के साथ ही शुक्र ग्रह की पूजा का शुभ योग बन रहा है। जिन लोगों की कुंडली में शुक्र ग्रह से संबंधित दोष हैं, उन्हें शुक्रवार को दूध का दान करना चाहिए। जानिए शुक्रवार और चतुर्थी के योग में कौन-कौन से शुभ काम कर सकते हैं...

चतुर्थी पर 5 स्टेप्स में करें गणेश पूजा

चतुर्थी तिथि पर स्नान के बाद सोने, चांदी, तांबे, पीतल या मिट्टी से बनी भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित करें।

गणेश जी को स्नान कराएं। इसके बाद को जनेऊ पहनाएं। अबीर, गुलाल, चंदन, सिंदूर, इत्र आदि चढ़ाएं।

वस्त्र अर्पित करें। चावल चढ़ाएं। फूलों से श्रृंगार करें। गणेश मंत्र बोलते हुए दूर्वा चढ़ाएं।

भगवान को लड्डुओं का भोग लगाएं। कर्पूर जलाएं। धूप-दीप से आरती करें। पूजा के बाद भगवान से क्षमा याचना करें।

अंत में प्रसाद अन्य भक्तों को बांटें। अगर संभव हो सके तो घर में ब्राह्मणों को भोजन कराएं। दक्षिणा दें।

गणेश पूजन में भगवान के 12 नाम वाले मंत्रों का जप करेंगे तो पूजा जल्दी सफल हो सकती है। ऊँ गणाधिपतयै नमः, ऊँ उमापुत्राय नमः, ऊँ विघ्ननाशनाय नमः, ऊँ विनायकाय नमः, ऊँ ईशपुत्राय नमः, ऊँ सर्वसिद्धप्रदाय नमः, ऊँ एकदन्ताय नमः, ऊँ इभवक्त्राय नमः, ऊँ मूषकवाहनाय नमः, ऊँ कुमारगुरवे नमः।

**ऐसे करें महालक्ष्मी का पूजन**

महालक्ष्मी और विष्णु जी की पूजा एक साथ करनी चाहिए। विष्णु-लक्ष्मी की प्रतिमा का अभिषेक करें। वस्त्र अर्पित करें, हार-फूल से श्रृंगार करें। तुलसी के साथ मिठाई का भोग लगाएं। धूप-दीप जलाकर आरती करें। पूजा में विष्णु जी के मंत्र ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप कर सकते हैं।

**शिवलिंग रूप में की जाती है शुक्र ग्रह की पूजा**

शुक्र ग्रह की पूजा शिवलिंग रूप में की जाती है। शुक्रवार और चतुर्थी के योग में शिवलिंग पर दूध चढ़ाएं और सफेद फूलों से श्रृंगार करें। बिल्व पत्र, धतूरा, आंकड़े के फूल भी चढ़ाएं। धूप-दीप जलाकर आरती करें।

**ऐसे कर सकते हैं करवा चौथ व्रत**

करवा चौथ सुहागिन महिलाओं के लिए महाव्रत है। इस व्रत के शुभ फल से अखंड सौभाग्य मिलता है, ऐसी मान्यता है। व्रत करने वाली महिलाओं के घर में सुख-शांति और प्रेम बना रहता है, जीवन साथी स्वस्थ रहता है। ये व्रत निर्जला है यानी इस व्रत में महिलाएं पानी भी नहीं पीती हैं।

करवा चौथ में चंद्र दर्शन का महत्व काफी अधिक है। ये व्रत शाम को चंद्र दर्शन और पूजन के बाद ही पूरा होता है। इस व्रत में महिलाएं सुबह जल्दी जागती हैं और स्नान के बाद सूर्योदय से पहले सरगी खाकर व्रत शुरू करती हैं। इसके बाद पूरे दिन निर्जल रहती हैं और शाम को गणेश जी, करवा चौथ माता, चंद्र पूजा के बाद व्रत पूरा होता है।

# दीपावली 20 अक्टूबर को ही मनेगी




## ज्योतिषी बोले- अमावस्या 21 अक्टूबर को सूर्यास्त से पहले खत्म

2024 की तरह इस साल भी कार्तिक महीने की अमावस्या तिथि दो दिन रहेगी, जिससे दीपावली की सही तिथि को लेकर संशय बना हुआ था। लेकिन बनारस, उज्जैन और भोपाल के वरिष्ठ ज्योतिषाचार्यों ने साफ कर दिया है कि दीपावली 20 अक्टूबर सोमवार को ही मनाई जानी चाहिए।

उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर में भी दिवाली इसी दिन मनाई जाएगी। 20 अक्टूबर को अमावस्या प्रदोष और निशीथ काल में होने के कारण इसी दिन लक्ष्मी पूजन करना शुभ माना गया है।

इस बार दिवाली 20 अक्टूबर को ही क्यों मनाई जाना चाहिए? दीपावली पर लक्ष्मी पूजन अमावस्या तिथि की रात, प्रदोष और निशीथ काल में होता है। इस बार अमावस्या तिथि 20 अक्टूबर को दोपहर 3:44 बजे से शुरू होकर 21 अक्टूबर शाम 5:43 बजे तक रहेगी। 20 को ही अमावस्या तिथि प्रदोष और रात्रिकाल में रहेगी। इसलिए इसी दिन दीपावली मनाना शास्त्रसम्मत है।

प्रदोष व निशीथ काल क्या है? सूर्यास्त से लगभग 1.5-2 घंटे पहले और बाद का शुभ समय प्रदोष काल कहलाता है। वहीं, निशीथ काल आधी रात का समय होता है, लगभग रात 12 बजे से 1:30 बजे तक। लक्ष्मी पूजन के लिए विशेष और शुभ माना जाता है।

21 अक्टूबर को अमावस्या तिथि रहते हुए भी दीपावली क्यों नहीं मनाई जाएगी? क्योंकि 21 अक्टूबर को अमावस्या सूर्यास्त से पहले ही समाप्त हो जाएगी और शाम तक प्रतिपदा तिथि शुरू हो जाएगी। 21 तारीख को अमावस्या ना तो प्रदोषकाल में रहेगी, ना रात्रि में। दीपावली पूजन अमावस्या की रात को ही होता है, इसलिए 21 को नहीं मनाई जाएगी।

25 साल में 11 बार अक्टूबर में दिवाली...

ज्योतिषियों के अनुसार पिछले 25 सालों में यह तीसरी बार होगा, जब सोमवार को दीपावली मनाई जाएगी। इसके अलावा, पिछले 25 साल में अक्टूबर में 11 बार दीपावली मनी, जबकि इतने सालों में नवंबर में 13 बार दीपावली मनाई जा चुकी है।

# करवा चौथ पर चांद को अर्घ्य देते समय करें इन मंत्रों का जप



**चांद को जल अर्पित करते समय ॐ सोमाय नमः या फिर विस्तृत रूप में ओमचन्द्राय नमः मंत्र का जाप करें. इस मंत्र का अर्थ है कि "हे चंद्र देव, आपको मेरा नमन है, कृपा कर मेरे पति को दीर्घायु, सुख और समृद्धि का आशीर्वाद दें।**

करवा चौथ का व्रत भारतीय परंपरा में सुहागिन महिलाओं के लिए सबसे पवित्र और श्रद्धा से भरा त्योहार माना जाता है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र, सुख और समृद्धि के लिए पूरे दिन निर्जला व्रत रखती हैं। सूर्योदय से लेकर चांद निकलने तक वे अन्न और जल ग्रहण नहीं करतीं। जब रात को चांद आकाश में चमकता है, तब महिलाएं पूजा कर चंद्र देव को अर्घ्य (जल) अर्पित करती हैं और इसके बाद ही अपने व्रत को पूर्ण करती हैं।

करवा चौथ की पूजा का सबसे खास क्षण होता है चांद को जल चढ़ाने का। इस समय महिलाएं छलनी से चांद और अपने पति का चेहरा देखती हैं और फिर चंद्र देवता की आराधना करती हैं। ऐसा माना जाता है कि चांद को अर्घ्य देने से व्रत का फल पूर्ण होता है और चंद्र देव पति की आयु में वृद्धि का आशीर्वाद देते हैं।

चांद को जल अर्पित करते समय ॐ सोमाय नमः या फिर विस्तृत रूप में ओम चन्द्राय नमः मंत्र का जाप करें। इस मंत्र का अर्थ है कि "हे चंद्र देव, आपको मेरा नमन है, कृपा कर मेरे पति को दीर्घायु, सुख और समृद्धि का आशीर्वाद दें।

कई जगहों पर नमः शशाङ्काय शान्ताय शीतांशु प्रभवे नमः नमस्तेऽस्तु जगन्नाथ सुरराज नमोऽस्तु ते। इस मंत्र का जाप करते हैं। इसका अर्थ है कि "हे शांत स्वभाव वाले शीतल चंद्रदेव, आपको मेरा प्रणाम है। आप समस्त जगत के नाथ हैं। आपकी कृपा से मेरे परिवार में सुख-शांति बनी रहे।

जब महिलाएं यह मंत्र बोलकर चांद को जल अर्पित करती हैं, तो साथ ही अपने पति के दीर्घ जीवन और दांपत्य सुख की कामना करती हैं। इसके बाद वे पति से जल ग्रहण कर अपना व्रत तोड़ती हैं। करवा चौथ का यह अनुष्ठान न केवल आस्था का प्रतीक है बल्कि पति-पत्नी के बीच प्रेम, समर्पण और विश्वास का प्रतीक भी माना जाता है।

चांद को अर्घ्य देने की यह परंपरा सैकड़ों वर्षों से चली आ रही है, जो आज भी भारतीय संस्कृति की सुंदरता को दर्शाती है। इसलिए जब भी करवा चौथ पर आप चांद को जल दें, पूरे मन और श्रद्धा से यह मंत्र बोलें यही सच्चे प्रेम और आस्था की पराकाष्ठा है।

# प्रेग्नेंसी में कैसे करें करवा चौथ का व्रत

कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को करवा चौथ का व्रत किया जाता है और इस बार यह शुभ तिथि 10 अक्टूबर दिन शुक्रवार को है। करवा चौथ का व्रत हिंदू धर्म में सुहागिन स्त्रियों का सबसे पवित्र और प्रिय व्रत माना गया है। यह दिन पति की लंबी उम्र और दांपत्य सुख के लिए रखा जाता है, यह व्रत त्याग, प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। लेकिन जब कोई महिला प्रेग्नेंट होती है, तो यह सवाल सबसे पहले उठता है क्या वो भी करवा चौथ का व्रत रख सकती है? अगर हां, तो कैसे। आइए जानते हैं गर्भवती महिलाएं करवा चौथ का व्रत कैसे करें, ताकि व्रत का संपूर्ण फल प्राप्त हो सके।

**गर्भावस्था में करवा चौथ का महत्व**

करवा चौथ का व्रत हर सुहागन महिला के लिए बेहद खास होता है। करवा चौथ में महिलाएं सूर्योदय से पहले सरगी खाकर पूरे दिन निर्जला व्रत रखती हैं और रात को चांद देखकर पति के हाथ से जल ग्रहण कर व्रत तोड़ती हैं। माना जाता है कि यह व्रत ना सिर्फ पति की लंबी आयु बल्कि वैवाहिक जीवन में सुख, प्रेम और विश्वास को भी मजबूत करता है। स्कंद पुराण, पद्म पुराण, और महाभारत के अनुशासन पर्व में इस व्रत का उल्लेख मिलता है। गर्भावस्था में करवा चौथ मनाना केवल व्रत रखने तक सीमित नहीं होता। यह परिवार और पति-पत्नी के बीच भावनात्मक जुड़ाव को भी मजबूत करता है। इस दिन पति का सहयोग, समझ और देखभाल भी उतनी ही जरूरी है जितनी पत्नी की श्रद्धा।

**सबसे पहले डॉक्टर से सलाह अवश्य लें**



गर्भवती महिलाएं करवा चौथ का व्रत रखने से पहले एक बार डॉक्टर से सलाह जरूर लें। हर महिला की सेहत, गर्भ का महीना और शारीरिक स्थिति अलग होती है इसलिए व्रत रखने से पहले डॉक्टर से सलाह मशविरा अवश्य लें। अगर आपकी प्रेग्नेंसी का पहला या आखिरी महीना चल रहा है, तो निर्जला व्रत रखना खतरनाक हो सकता है। डॉक्टर अक्सर सलाह देते हैं कि गर्भवती महिलाएं निर्जला (बिना पानी) व्रत ना रखें। दिन में कुछ फल, नारियल पानी या दूध लेते रहना बेहतर है ताकि डिहाइड्रेशन या कमजोरी ना हो।

गर्भवती महिला करवा चौथ का व्रत कैसे करें

शास्त्रों में बताया गया है कि सामान्यतः महिलाएं करवा चौथ का व्रत निर्जला उपवास करती हैं लेकिन गर्भवती महिलाओं को यह बिल्कुल नहीं करना चाहिए। आप बीच बीच में फल का सेवन, दूध, नारियल, पानी आदि का सेवन कर सकते हैं। व्रत का भाव सबसे महत्वपूर्ण होता है शरीर को तकलीफ में डालना इस व्रत का उद्देश्य नहीं है। व्रत का संकल्प लेते समय मन ही मन बोलें कि मैं अपने सामर्थ्य और स्वास्थ्य के अनुसार यह व्रत कर रही हैं। इसके बाद आप व्रत शुरू कर दें। दिन में किसी समय आराम से बैठकर करवा चौथ की कथा सुनें या पढ़ें। कथा सुनने के समय थाली में रखे करवे को हाथ में लेकर घूमाएं और कथा पूरी होने पर अपनी सास या परिवार की बड़ी महिला को दे दें।

शाम के समय पूजा करने की जगह को साफ सुथरा रखें और करवा माता की तस्वीर या कैलेंडर का रख दें। करवा माता के साथ साथ आप चौकी पर भगवान शिव, माता पार्वती और करवे का रख सकते हैं। अब हर जगह गंगाजल से छिड़काव करें और दीपक जला दें। इसके बाद करवा माता की पूजा अर्चना करें और सुहाग का सामान अर्पित करें। मिठाई, फल आदि का भोग लगाएं और आरती करें। करवा माता से पति की लंबी उम्र की कामना करें और बच्चे के अच्छे स्वास्थ्य की प्रार्थना भी करें।

रात के समय चांद निकलने पर अर्घ्य दें और छलनी और दीपक से चंद्रमा को देखें। इसके बाद चंद्रमा और माता पार्वती से पति और शिशु की लंबी आयु की कामना करें और सुख समृद्धि का आशीर्वाद दें। इसके बाद पति से आशीर्वाद लें। अब हल्के भोजन से व्रत को खोलें। गर्भवती महिला को बिल्कुल भी भूखे पेट या भारी मसालेदार खाना तुरंत नहीं खाना चाहिए।

# क्या द्रौपदी और सीता भी करती थीं करवा चौथ

**रामायण और महाभारत क्या कहते हैं**

करवा चौथ" नाम से कोई व्रत न तो वेद ना पुराण और ना ही रामायण या महाभारत में मिलता है। यह व्रत लोक परंपरा (लोकायत धर्म) से विकसित हुआ, जो बाद में धर्मशास्त्रों में स्थान पाता गया। "करक चतुर्थी" या "करक व्रत" का उल्लेख कुछ पुराणों जैसे भविष्य पुराण और नारदीय पुराण में मिलता है। इसमें बताया गया है कि स्त्रियां अपने पति की लंबी आयु के लिए चतुर्थी तिथि पर उपवास रखती हैं – इसे आधुनिक करवा चौथ का ही शुरुआती रूप माना जा सकता है।

वाल्मीकि रामायण, अध्यात्म रामायण या रामचरितमानस – किसी में भी सीता द्वारा "करवा चौथ" या "सौभाग्य हेतु व्रत" रखने का उल्लेख नहीं हुआ है। उत्तरकांड में ये ज़रूर कहा गया है कि सीता ने पति के धर्म के पालन और तपस्या में अटूट निष्ठा रखी – पर उपवास के रूप में करवा चौथ जैसा व्रत नहीं उस दौर में नहीं होता था।

हां उत्तर भारत की कुछ लोककथाओं में ये कहा जाता है कि जब राम वनवास में थे, सीता ने उनकी सुरक्षा के लिए चंद्रमा को अर्घ्य दिया था। लेकिन यह लोक परंपरा है, शास्त्रीय प्रमाण नहीं।

धार्मिक मान्यताएं जरूर हैं कि माता सीता ने भगवान श्रीराम के लिए करवा चौथ का व्रत रखा था, विशेष रूप से जब वे अशोक वाटिका में थीं। माना जाता है कि उन्होंने पति की लंबी आयु और सुख-संपत्ति के लिए यह व्रत किया था।हालांकि उन्होंने व्रत जरूर किया था लेकिन इसे करवा चौथ नहीं कहा गया।

**चिंतित द्रौपदी ने अर्जुन के लिए कौन सा व्रत रखा**



महाभारत में एक प्रसिद्ध प्रसंग है। पांडव वनवास में हैं। अर्जुन तपस्या को गए हैं। द्रौपदी चिंतित हैं। तब कृष्ण उन्हें "करक व्रत" करने का सुझाव देते हैं, जिससे पति की सुरक्षा और सफलता होती है। हालांकि यह प्रसंग "महाभारत" के मूल संस्करण में नहीं बल्कि बाद में जोड़े गए "व्रत-खंड या "कथासरित्सागर" जैसी ग्रंथों की लोक कथाओं वाली श्रृंखला में मिलता है। कहते हैं कि इसी प्रसंग के बाद करवा चौथ की कथा विकसित हुई। जिसमें एक स्त्री अपने पति की रक्षा के लिए चतुर्थी तिथि का व्रत रखती है।

**मिट्टी का घड़ा और कृष्ण चतुर्थी**

अधिकांश विद्वानों के अनुसार, यह व्रत उत्तर-पश्चिम भारत यानि पंजाब, हरियाणा और राजस्थान की परंपरा से आया है। "करवा" यानि मिट्टी का घड़ा और "चौथ" का मतलब चतुर्थी तिथि। यानि कार्तिक मास की कृष्ण चतुर्थी को किया जाने वाला उपवास। कृषि आधारित समाज में, यह समय रबी फसलों की बुवाई से पहले का होता था। तब स्त्रियां पति की दीर्घायु और परिवार की समृद्धि के लिए व्रत रखती थीं। धीरे धीरे यह कथा शृंगार और चांद के दीदार करके व्रत तोड़े जाने से जुड़ गई।

द्रौपदी का 'करक व्रत' जो अब करवा चौथ बन गया आइए जानते हैं कि वो करक व्रत कथा कौन सी है, जिस व्रत को द्रौपदी ने कृष्ण के कहने पर अर्जुन की रक्षा के लिए रखा था।, बाद में ये करवा चौथ की कथा के रूप में विकसित हुई। कहा जाता है कि इसी से आधुनिक करवा चौथ की नींव पड़ी।

एक बार पांडव जब वनवास में थे, तो अर्जुन तपस्या करने के लिए हिमालय चले गए। अर्जुन के जाने के बाद द्रौपदी बहुत चिंतित रहने लगीं। क्योंकि वन में पांडवों को तरह-तरह के संकटों और राक्षसों से जूझना पड़ रहा था। द्रौपदी ने मन ही मन भगवान कृष्ण को याद किया। उन्होंने कहा, "हे माधव! मेरे पति संकट में हैं। उनके जीवन की रक्षा कैसे हो, इसका उपाय बताइए।"

भगवान कृष्ण मुस्कराए और बोले, "हे द्रौपदी, तुम्हारी चिंता उचित है।एक प्राचीन व्रत है – करक चतुर्थी व्रत, जिसे यदि श्रद्धा से किया जाए तो पति की आयु बढ़ती है, संकट दूर होते हैं और सौभाग्य अखंड रहता है।" द्रौपदी ने पूछा, "हे माधव, यह व्रत कैसे किया जाता है?" तब कृष्ण ने ये बताया कि ये व्रत कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को स्नान करके मिट्टी के घड़े में जल भरकर रखा जाना चाहिए। उसमें गणेशजी तथा चंद्रमा का पूजन कर पति की लंबी उम्र का संकल्प करना चाहिए। फिर रात में चांद को अर्घ्य देकर फिर पानी पीना चाहिए।"द्रौपदी ने उसी अनुसार व्रत किया। कहा गया कि इस व्रत के चलते अर्जुन की तपस्या सफल हुई। बाद में यही करक व्रत "करवा चौथ" बन गया। कई स्थानों पर यह भी मान्यता है कि माता पार्वती ने पहला करवा चौथ व्रत भगवान शिव के लिए रखा था।

# सैफ से शादी के बाद भी अपने पैसों को हर दिन एन्जॉय करना चाहती हैं करीना कपूर

अभिनेत्री करीना कपूर खान फिल्म इंडस्ट्री की सबसे मशहूर अभिनेत्रियों में से एक हैं। अपनी मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने ऐसा मकाम हासिल किया है, जिसका सपना कई लड़कियां देखती हैं। उनकी जिंदगी लोगों को दिखाती है कि महिलाओं के लिए आजादी, खासकर आर्थिक आजादी कितनी जरूरी है।



### पैसों को लेकर करीना का नजरिया बदला

हाल ही में करीना कपूर दिल्ली में एक प्रोग्राम में पहुंचीं। यहां उन्होंने यह बताया कि कैसे वर्षों में उनका पैसों को लेकर नजरिया बदल गया है। उन्होंने कहा 'मुझे लगता है कि पैसों को लेकर मेरा नजरिया बदल गया है। जाहिर है, पिछले 26 वर्षों से काम करने से मेरे लिए यह पूरी तरह से बदल गया कि मैं पैसों को कैसे देखती हूं।'

### अभिनेत्रियां पुरुषों जितना वेतन चाहती हैं

करीना ने आगे कहा 'आजकल अभिनेत्रियां भी यह कहने लगी हैं कि उन्हें अपने पुरुष समकक्षों के बराबर भुगतान मिलना चाहिए। इसलिए मुझे लगता है कि इसने महिलाओं को भी एक नया नजरिया दिया है। यह दिखाता है कि आज पैसों का क्या मतलब है। मुझे लगता है कि यह सिर्फ बैंक में पैसे होने से कहीं ज्यादा है।

### एक्टिंग की आजादी चाहती थीं करीना

महिलाओं की आर्थिक स्थिति पर अपने विचार साझा करते हुए 'जब वी मेट' स्टार ने बताया कि उन्होंने शादी के बाद भी कभी अपनी एक्टिंग की स्वतंत्रता पर समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा 'आज लोग जीवन का अनुभव लेना चाहते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि यह अनुभव समय के साथ आता है। यह अनुभव काम करके, शादी करके आता है। फिर आपको लगता है कि आप अपनी खुद की आजादी चाहते हैं। ऐसा मेरे साथ हुआ।' करीना ने आगे कहा 'मैं हमेशा चाहती थी कि मैं एक अभिनेत्री के रूप में अपनी आजादी रखूं। यहां तक कि जब मैंने सैफ से शादी की तब भी। मुझे लगता है कि मैं अपने पैसों को हर दिन एन्जॉय करूं।'

### करीना का वर्कफ्रंट

करीना कपूर ने हाल ही में निर्देशक मेघना गुलजार की फिल्म 'दायरा' की शूटिंग शुरू की है। इसमें वह पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ स्क्रीन साझा करेंगी।

# करियर के 22 साल पूरे होने पर नयनतारा ने लिखा स्पेशल नोट बोलीं- 'नहीं पता था फिल्में जीवन का प्यार बन जाएंगी'

साउथ की लेडी सुपरस्टार कही जाने वाली नयनतारा ने इंडस्ट्री में अपने 22 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर नयनतारा ने एक इमोशनल नोट लिखा है। इस नोट में नयनतारा ने फैंस का शुक्रिया जताते हुए अपने किरदारों और करियर के अनुभवों के बारे में भी बात की है।

### हर शॉट ने मुझे आकार दिया

नयनतारा ने अपने इंस्टाग्राम की स्टोरी पर एक तस्वीर साझा की है। यह तस्वीर एक लिखे हुए नोट की है। इस नोट में अभिनेत्री ने लिखा, '22 साल हो गए जब मैं पहली बार कैमरे के सामने खड़ी हुई थी, तब मुझे नहीं पता था कि फिल्में मेरे जीवन का प्यार बन जाएंगी। हर शॉट, हर फ्रेम, हर खामोशी, ने मुझे आकार दिया, मुझे ठीक किया और मुझे वह बनाया जो मैं हूं। हमेशा आभारी रहूंगी।'

### 2003 में की करियर की शुरुआत

नयनतारा ने साल 2003 में मलयालम फिल्म 'मनास्सिनक्कारे' से अपने करियर की शुरुआत की और अपने अभिनय से जल्द ही इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बना ली। इन वर्षों में उन्होंने 'चंद्रमुखी', 'श्री राम राज्यम', 'आराम', 'माया', 'कोलमावु कोकिला' और 'जवान' जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। नयनतारा देखते-देखते साउथ सिनेमा की लीडिंग हीरोइन बन गईं और फैंस ने उन्हें लेडी सुपरस्टार का तमगा भी दे दिया।

### 'जवान' से की बॉलीवुड में शुरुआत

नयनतारा ने साल 2023 में आई फिल्म 'जवान' से बॉलीवुड में भी अपनी शुरुआत की। एटली द्वारा निर्देशित इस फिल्म में नयनतारा बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ प्रमुख भूमिका में नजर आई थीं। इस फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स की अच्छी प्रतिक्रिया मिली और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई के नए कीर्तिमान स्थापित किए। इसी फिल्म के लिए शाहरुख खान को उनके करियर का पहला नेशनल अवॉर्ड भी मिला है।

### नयनतारा की पाइपलाइन में हैं कई फिल्में

वर्कफ्रंट की बात करें तो नयनतारा इस समय कई फिल्म प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं, जिनमें निर्देशक सुंदर सी के साथ एक बड़े बजट की फिल्म, 'मुकुथी अम्मन 2', यश की आगामी कन्नड़ फिल्म 'टॉक्सिक' और विष्णु एडवन द्वारा निर्देशित कविन के साथ तमिल फिल्म 'हाय' शामिल है।



# पत्नी और गर्लफ्रेंड को लेकर सैफ का बड़ा बयान

अभिनेता सैफ अली खान इन दिनों अक्षय कुमार के साथ अपनी आगामी फिल्म 'हैवान' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस बीच सैफ ने पत्नी और गर्लफ्रेंड के साथ काम करने पर अपने विचार रखे। सैफ ने पत्नी करीना के साथ कई फिल्मों में काम किया है। वहीं सैफ ने अपने करियर के शुरुआती दौर को भी याद किया।

### करियर की शुरुआत में नहीं मिलीं अच्छी फिल्में

सैफ अली खान ने अपने करियर के शुरुआती वक्त को याद किया। एक्टर ने बताया कि उस वक्त लोग मेरे लिए कहते थे कि वह भाग्यशाली थे कि उन्हें कई मौके मिले। हालांकि, मुझे ऐसा लगता है कि मुझे उस समय बन रही अच्छी फिल्में नहीं मिलीं। मुझे मुख्य भूमिकाओं के लिए नहीं लिया जा रहा था। बल्कि सेकंड लीड के तौर पर मुझे फिल्में मिल रही थीं। हालांकि, बाद में अपने किरदारों में प्रयोग करने पर ये बदलाव आया है।



### सेट पर अच्छी प्रतिस्पर्धा ने मुझे निखारा है

इस दौरान एक्टर ने कहा कि सेट पर एक स्वस्थ और अच्छी प्रतिस्पर्धा ने मुझे एक अभिनेता के तौर पर निखारा है। मेरा ऐसा मानना है कि साथी कलाकारों के साथ कुछ नया प्रयास करने और इम्प्रोवाइज करने पर ही मेरा बेस्ट परफॉर्मेंस निकलकर सामने आता है। हालांकि, इस दौरान एक्टर ने कहा कि इसीलिए मेरा मानना है कि पत्नी या गर्लफ्रेंड के साथ काम नहीं करना चाहिए। ये बात सैफ ने तब कही है जब वो खुद पत्नी करीना के साथ कई फिल्में कर चुके हैं। लेकिन उनका मानना है कि पत्नियों और गर्लफ्रेंड के साथ काम करना अच्छा विचार नहीं है।

### बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप है सैफ-करीना की जोड़ी

सैफ अली खान ने अपने करियर में करीना कपूर के साथ कई फिल्मों में काम किया है। इनमें 'एलओसी कारगिल', 'ओमकारा', 'टशन', 'कुर्बान' और 'एजेंट विनोद' जैसी फिल्में शामिल हैं। हालांकि, करीना और सैफ की जोड़ी बॉक्स ऑफिस पर कभी सफल नहीं रही। क्योंकि इनमें से 'ओमकारा' को छोड़कर बाकी सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप ही साबित हुई हैं। 'ओमकारा' में भी करीना सैफ के अपोजिट नहीं थीं, बल्कि वो अजय देवगन के साथ थीं।

### 'हैवान' की शूटिंग में व्यस्त हैं सैफ

वर्कफ्रंट की बात करें तो सैफ अली खान आखिरी बार नेटफ्लिक्स की फिल्म 'ज्वेल थीफ' में नजर आए थे। इस फिल्म को क्रिटिक्स और समीक्षकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी।

इन दिनों सैफ अपनी आगामी फिल्म 'हैवान' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म में वो लगभग 17 साल बाद अक्षय कुमार के साथ फिर से नजर आएंगे। प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सैफ और अक्षय के अलावा सैयामी खेर और श्रिया पिलगांवकर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# तीन किरदार एक कलाकार

## अनुपम खेर ने रवींद्रनाथ टैगोर-महात्मा गांधी और मनमोहन सिंह के लुक को शेयर किया

अनुपम खेर अपनी आगामी 538वीं फिल्म में रवींद्रनाथ टैगोर की भूमिका में नजर आएंगे। आज अनुपम ने अपनी फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' में महात्मा गांधी और फिल्म 'द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर' से मनमोहन सिंह के लुक को सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। इन तीनों शानदार लुक के साथ अनुपम ने एक खास नोट भी लिखा है।

### अनुपम खेर का पोस्ट

अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्मों के तीन किरदारों की तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'तीन किरदार- एक अभिनेता !तीन कलाकार- एक कलाकार!! कभी-कभी किसी अन्य व्यक्ति को भी अपनी काबिलियत का अहसास कराना चाहिए। अच्छा लगता है! जय हो! #रवींद्रनाथ टैगोर #गांधी #मनमोहनसिंह।'



### फैंस के कमेंट्स

अनुपम खेर की इस पोस्ट पर कई फैंस ने कमेंट कर अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'नमस्ते सर, आपको कोई खास कर अपनी काबिलियत दिखाने की जरूरत नहीं है। आपका नाम ही काफी है!', एक और फैन ने लिखा, 'आप एक अद्भुत कलाकार हैं सर, हम आपसे प्यार करते हैं सर', एक और फैन ने लिखा, 'बहुमुखी अभिनेता आप सर', एक और फैन ने लिखा, 'पीएम लाल बहादुर शास्त्री का रोल प्ले कीजिए। फिल्म बनाए उनके जीवन पर।'

### अनुपम खेर और उनके किरदार

अनुपम खेर अपनी आगामी फिल्म 'अग्नियुग: द फायर' में रवींद्रनाथ टैगोर की भूमिका में नजर आएंगे। यह अनुपम की 538वीं फिल्म होगी, जिसके बारे में उन्होंने जुलाई 2023 में अपने पहले लुक की झलक साझा की थी। अनुपम खेर ने 2025 में आई 'द बंगाल फाइल्स' फिल्म में महात्मा गांधी की भूमिका निभाई है, जिसमें उन्होंने बापू के रूप को गहराई और ईमानदारी से जीवंत किया है। इसके अलावा अनुपम ने केवल एक फिल्म 'द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर' में मनमोहन सिंह की भूमिका निभाई है, जो 2019 में रिलीज हुई थी और पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के जीवन पर आधारित थी।

# गौहर खान के इंटीमेट सीन से ससुर इस्माइल दरबार को दिक्कत? अभिनेत्री ने साझा कर दिया रिएक्शन





बेबाक और सशक्त अदाकारा गौहर खान इन दिनों चर्चाओं का हिस्सा बनी हुई हैं। पहले फिर से मां बनकर, फिर 'बिग बॉस 19' में जेठ आवेज दरबार का समर्थन करने की वजह से उन्होंने सुर्खियां बटोरीं। अब वो ससुर इस्माइल दरबार के हालिया बयान की वजह से खबरों में हैं। एक इंटरव्यू में इस्माइल दरबार ने बहू के काम को लेकर अपनी 'पुरानी सोच' का जिक्र किया। इस विवाद के बीच गौहर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक ऐसा नोट शेयर किया, जिसे फैंस उनके जवाब के तौर पर देख रहे हैं।

### मां होने के बाद भी नहीं रुकीं गौहर

गौहर खान ने हमेशा अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ के बीच एक संतुलन बनाए रखा है। पहले बेटे जेहान के जन्म के बाद उन्होंने जल्दी ही काम पर वापसी की थी। और अब दूसरे बेटे फरवान के जन्म के बाद भी उन्होंने अपने करियर को उसी उत्साह से जारी रखा है। उनके इसी कदम को लेकर बहुत सारे लोग उनकी तारीफ भी कर रहे हैं।

### इस्माइल दरबार का बयान बना चर्चा का विषय

हाल ही में एक इंटरव्यू में इस्माइल दरबार ने कहा कि वो अपनी बहू की फिल्मों को नहीं देखते क्योंकि उनकी सोच थोड़ी पुरानी है। उन्होंने कहा कि, 'गौहर अब हमारे घर की इज्जत हैं, लेकिन मैं उन्हें काम छोड़ने के लिए मजबूर नहीं कर सकता। बस मैं वो चीजें नहीं देखता जिससे मुझे असहजता हो। उनके इस बयान ने सोशल मीडिया पर बहस छेड़ दी। कई यूजर्स ने इसे पुरुष प्रधान मानसिकता बताया, वहीं कुछ ने कहा कि दरबार अपनी सोच के अनुसार बात कर रहे हैं।

### गौहर खान ने साझा किया क्रिप्टिक पोस्ट

इन प्रतिक्रियाओं के बीच गौहर ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट साझा किया। उसमें लिखा था- 'एक बेटे को पालना किसी खूबसूरत पल से कम नहीं। वो चलता नहीं दौड़ता है, बैठता नहीं चढ़ता है, फुसफुसाता नहीं चिल्लाता है, फिर भी एक पल रुककर तुम्हारे गाल पर किस करता है और कहता है 'यू आर ब्यूटीफुल'।' गौहर खान के इसी पोस्ट को बहुत सारे लोगों ने उनका ससुर इस्माइल दरबार के हालिया बयान का जवाब माना और सोशल मीडिया पर उनका ये जवाब तेजी से वायरल भी हो रहा है।

### गौहर और जैद की शादी

गौहर और उनके पति जैद दरबार की शादी दिसंबर 2020 में हुई थी। दोनों की जोड़ी सोशल मीडिया पर खूब पसंद की जाती है। जहां जैद हमेशा पत्नी के काम को सपोर्ट करते हैं, वहीं गौहर भी अपने पारिवारिक दायित्वों को बखूबी निभाती हैं। ऐसे समय में जब महिलाओं को 'घर या करियर' में से किसी एक को चुनने की सलाह दी जाती है, गौहर खान अपनी जिंदगी से ये साबित कर रही हैं कि मातृत्व और पेशेवर सपने साथ-साथ चल सकते हैं।

# कौन हैं सारा खान? 'बिदाई' और 'स्पाई बहू' में की शानदार अदाकारी, 'बिग बॉस 4' में की थी पहली शादी

'सपना बाबुल का... बिदाई' और 'ससुराल सिमर का' जैसे शोज में बेहतरीन अभिनय करने वाली सारा खान ने अभिनेता कृष पाठक से शादी कर ली है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इस बात की जानकारी दी। सारा खान का जन्म 6 अगस्त 1989 को भोपाल में हुआ। वह सुन्नी मुस्लिम परिवार से आती हैं।

### मॉडल के तौर पर शुरू किया करियर

सारा खान ने सबसे पहले मॉडल के तौर पर अपने करियर की शुरुआत की थी। साल 2007 में उन्होंने टीवी शो 'सपना बाबुल का... बिदाई' से अभिनय करियर की शुरुआत की। इसके बाद वह साल 2010 में 'प्रीत से बंधी ये डोरी राम मिलाई जोड़ी' में मोना का किरदार निभाया।

### मशहूर टीवी शोज में किया काम

इसके बाद सारा 2013 में 'जुनून- ऐसी नफरत तो कैसा इश्क' और 2014 में 'ससुराल सिमर का' में नजर आईं। 2015 में वह टीवी शो 'सौभाग्यालक्ष्मी' में नजर आईं। वह 'जाना ना दिल से दूर' में भी नजर आईं। हाल के वर्षों में सारा खान 'पलकों की छांव में 2', 'लॉक अप' और 'स्पाई बहू' जैसे शोज में नजर आईं।

### फिल्मों में किया काम

सारा खान ने टीवी के अलावा हिंदी फिल्मों में भी काम किया है। वह फिल्म 'हमारी अधूरी कहानी' और 'एम3- मिडसमर मिडनाइट मुंबई' में नजर आईं। वह जल्द ही फिल्म 'कैंप डिसेंट' में भी नजर आने वाली हैं।

### पहले कर चुकी हैं शादी

खान ने साल 2010 में अली मर्चेंट से शादी की थी। हालांकि साल 2011 में उनका तलाक हो गया। यह शादी बहुत सुर्खियों में रही थी क्योंकि यह शादी 'बिग बॉस 4' में हुई थी। इल्जाम था कि शादी के लिए जोड़े को पैसे दिए गए थे। हालांकि चैनल ने इस बात से इनकार किया था। सारा ने 'सच का सामना' में बताया था कि उन्होंने यह शादी प्रचार के लिए की थी। उन्होंने कबूल किया कि यह उनकी जिंदगी की सबसे बड़ी भूल थी।



# 'हैवान' में दर्शकों को हैरान करेंगे अक्षय



अक्षय कुमार फिक्की फ्रेम्स 2025 कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में उन्होंने साइबर क्राइम जैसी बातों को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लंबी चर्चा की। इसी दौरान अपनी फिल्म 'हैवान' को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री से सलाह मांगी। साथ ही अपने किरदार का जिक्र भी कर दिया।

### नेगेटिव रोल में नजर आएंगे अक्षय कुमार

कार्यक्रम में अक्षय ने कहा, 'मैं एक ऐसी फिल्म कर रहा हूं, जिसमें नेगेटिव रोल निभा रहा हूं। मैं सोच रहा था कि मुझे यह करना चाहिए या नहीं। फिल्म का नाम 'हैवान' है। लेकिन अंत में मैं हार जाता हूं। 'हैवान' हार जाता है।' इस पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अक्षय कुमार को सपोर्ट किया और कहा, 'हां, आपको यह रोल जरूर करना चाहिए। आप जैसे मल्टी टैलेंटेड एक्टर को हर तरह के रोल निभाने चाहिए। आखिरकार, एक कलाकार की उपलब्धि क्या है? जिन फिल्मों में खलनायक हार जाता है, उनमें भी किरदार अक्सर नायक से ज्यादा असर छोड़ता है। यही क्रिएटिविटी है। लेकिन हीरो के तौर पर आप और फिल्में करते रहिए।'

### नेगेटिव रोल करने की चाहत हुई पूरी

अक्षय कुमार भी बातचीत को आगे बढ़ाते हुए कहते हैं, 'मुझे एक नेगेटिव रोल निभाने का मन था, इसलिए मैं 'हैवान' कर रहा हूं। ज्यादातर मैं फिल्म में हीरो के रोल ही निभाता हूं।' अक्षय कुमार की अपकमिंग फिल्म 'हैवान' एक थ्रिलर मूवी है। इस फिल्म में 17 साल बाद सैफ अली खान और अक्षय कुमार साथ काम कर रहे हैं।

# नारी सशक्तीकरण
# संकल्प से सिद्धि



मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन
5वां चरण













### एक पेड़ माँ के नाम

**वर्ष 2025: 37.21 करोड़+ वृक्षारोपण**

सरकार द्वारा चलाए गए विशेष अभियान जैसे "एक पेड़ माँ के नाम", सार्वजनिक भागीदारी आधारित वृक्षारोपण अभियान, वन विभाग द्वारा सघन वन रोपण इत्यादि कार्यक्रमों ने मूल्यवर्धित परिणाम दिए।

### निराश्रित महिला पेंशन योजना

**36.75 लाख महिलाएं लाभान्वित**

पति की मृत्यु के उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना के अन्तर्गत पात्र निराश्रित महिला को प्रति लाभार्थी 1,000 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाती है।

### मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना

**26.34 लाख बेटियां लाभान्वित**

बालिकाओं को शिक्षा के अवसर प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना शुरु की गयी है। प्रारम्भ में इसके अंतर्गत बालिकाओं को 15,000 रुपये की आर्थिक सहायता छह चरणों में प्रदान की जाती थी। अब प्रदेश सरकार ने यह सहायता राशि 15,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये कर दी है।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

**4.67 लाख जोड़ों का विवाह**

निर्धन परिवारों की बेटियों की शादी के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित है। इसके अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक, अन्य पिछड़ा वर्ग के साथ ही सामान्य वर्ग के निर्धन परिवार भी आवेदन कर सकते हैं। योजना का लाभ विधवा और तलाकशुदा महिलाओं को भी मिल रहा है।

### प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना

**60 लाख माताएं लाभान्वित**

योजना के तहत जननी और उसके बच्चे की देखभाल के लिए 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। पहले चरण में 1,000 रुपये, दूसरे चरण में 2,000 रुपये और तीसरे चरण में 2,000 रुपये गर्भवती महिलाओं को दिए जाते हैं। शेष 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता तब मिलती है, जब गर्भवती महिला बच्चे को किसी अस्पताल में जन्म देती हो या जननी सुरक्षा योजना की लाभार्थी हो।

### ऑनलाइन फैमिली काउंसलिंग

**घर बैठे समाधान :** महिलाओं को थाने जाने की आवश्यकता नहीं।

**विशेषज्ञ काउंसलिंग :** घरेलू विवाद, हिंसा व आत्महत्या रोकथाम में मदद।

जनवरी 2024 से अगस्त 2025 तक कुल 10,102 शिकायतें दर्ज, 9,760 मामलों का समाधान।

### महिला रात्रि एस्कॉर्ट सुरक्षा

रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक सहायता हेतु कॉल किए जाने पर यूपी-112 द्वारा महिला को एस्कॉर्ट कर सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने की व्यवस्था।

### रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष

जघन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं/बालिकाओं को आर्थिक सहायता हेतु इस कोष की स्थापना की गयी है। इसके अन्तर्गत अब तक 7,105 महिलाओं/बालिकाओं को क्षतिपूर्ति धनराशि प्रदान की गयी।

### एण्टी रोमियो स्क्वाड

सार्वजनिक स्थलों जैसे-चौराहों, बाजारों, माल्स, पार्क, स्कूल, कालेज कोचिंग संस्थान व अन्य स्थलों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेड़खानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन एवं टिप्पणियों की घटनाओं को रोकना एण्टी रोमियो स्क्वाड द्वारा किया जाता है।

### बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट सखी

जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में ग्रामवासियों को प्रोत्साहित एवं लाभान्वित करने हेतु प्रदेश की सभी 57,000 ग्राम पंचायतों में विभिन्न बैंकों के माध्यम से बी.सी. सखी को पदस्थापित किया गया। बी.सी. सखी को प्रति माह 4,000 रुपये प्रदान किए जा रहे हैं। अच्छा काम करने पर प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जा रही है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है।

### हेल्पलाइन

**1076** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

**1090** वीमेन पॉवरलाइन

**101** अग्निशमन सेवा

**108** एंबुलेन्स हेल्पलाइन

**112** पुलिस आपातकाल सेवा

**1930** साइबर हेल्पलाइन

**181** वीमेन हेल्पलाइन

**1098** चाइल्ड लाइन

**102** गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन

ADVERTORIAL